लोक सभा अध्यक्ष ने श्री मोतीलाल वोरा के निधन पर शोक व्यक्त किया

वरिष्ठ कांग्रेस राजनेता मोतीलाल वोरा का निधन

विभिन्न पदों पर रहते हुए वोरा का राष्ट्र सेवा में अनुपम योगदानः बिरला

सभी दलों में उनके राजनैतिक कौशल व दूरदर्शिता के प्रशंसकः बिरला

ईश्वर दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दें, शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं: बिरला

नई दिल्ली, 21 दिसंबर 2020: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने वरिष्ठ राजनेता श्री मोतीलाल वोरा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने सन्देश में श्री बिरला ने कहा:

"वरिष्ठ राजनेता श्री मोतीलाल वोरा के निधन पर शोक व्यक्त करता हूं। उन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए राष्ट्र सेवा में अनुपम योगदान दिया। उनके राजनैतिक कौशल व दूरदर्शिता के प्रशंसक सभी दलों में थे। ईश्वर दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दें, शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं।